>Title: Regarding proper implementation of centrally sponsored Integrated Child Development Scheme in Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना के अंतर्गत समेकित बाल विकास योजना केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जाती है। उसका क्रियान्वयन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। इस योजना के तहत बच्चों के पोाण और शारीरिक विकास के लिए प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना चल रही है। महाराट्र सरकार को इस योजना के तहत वर्ा 2001, 2002 और 2003 तक के लिए केन्द्र सरकार ने पैसा दिया है,

लेकिन केन्द्र सरकार ने जिस पैसे का महाराट्र सरकार को आवंटन किया है, उस 2001 के पैसे को भी महाराट्र सरकार ने अभी तक खर्च नहीं किया है और यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, गंभीर स्थिति है। यह बाल-विकास-पोाण की योजना है। आंगनवाड़ी का जो केन्द्र होता है, उसमें बाल विकास योजना के अंतर्गत पोटिक आहार दिया जाता है, लेकिन महाराट्र सरकार ने इस पर खर्च होने वाले पैसे को खर्च नहीं किया है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इस पैसे को खर्च करने के लिए महाराट्र सरकार पर दबाव डालें, नहीं तो किसी गैर-सरकारी संगठन द्वारा इस पर अमल करवाने की कार्यवाही करें।

13.10 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.